प्रीलिम्स फैक्ट्स: 06 मार्च, 2019

कर्टन रेजर: अल नागाह 2019

भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यासों की श्रृंखला में तीसरा 'अल नागाह अभ्यास' (Exercise Al Nagah) 12 से 25 मार्च, 2019 तक ओमान की जबल अल अखदर (Jabel Al Akhdar) पहाड़ियों में आयोजित किया जाएगा।

- इस सैन्य अभ्यास के दौरान दोनों देशों की सेनाएँ अर्द्ध-शहरी एवं पर्वतीय क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी कार्रवाइयों में पारस्परिकता को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ युद्ध कौशल, हथियारों के संचालन और गोलाबारी में विशेषज्ञता तथा अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगी।
- 2006 में भारत-ओमान संयुक्त सैन्य सहयोग की बैठकों के बाद से भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय सुरक्षा संबंध निरंतर विकसित हो रहे हैं।
- अभ्यास अल नागाह III से पहले दो संयुक्त अभ्यासों का आयोजन किया जा चुका है। पहला आयोजन ओमान में जनवरी 2015 तथा दूसरा भारत में मार्च 2017 में किया गया था।
- भारतीय सेना के दस्ते का प्रतिनिधित्व गढ़वाल राइफल्स की 10वीं बटालियन के 4 अधिकारी, 9 जूनियर कमीशंड अधिकारी और 47 अन्य कर्मी करेंगे।
- रॉयल आर्मी ऑफ ओमान (RAO) की जबल रेजीमेंट की ओर से भी इतने ही सैन्यकर्मी इस अभ्यास में हिस्सा लेंगे।
- यह अभ्यास दोनों देशों की सेनाओं की क्षमताओं को बढ़ाने तथा मैत्री को मज़बूती प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

NRETP हेतु ऋण अनुबंध

हाल ही में विश्व बैंक और भारत सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन परियोजना (National Rural Economic Transformation Project-NRETP) के लिये 250 मिलियन डॉलर के ऋण अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं।

- गौरतलब है कि विश्व बैंक से प्राप्त होने वाली इस ऋण सहायता (International Bank for Reconstruction and Development- IBRD Credit) के ज़रिये 'राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक रूपांतरण परियोजना (NRETP)' को कार्यान्वित किया जाएगा।
- राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक रूपांतरण परियोजना (NRETP) के तहत वित्तीय समावेशन के वैकल्पिक माध्यमों का मार्गदर्शन करने, ग्रामीण उत्पादों के आसपास मूल्य श्रृंखला सृजित करने से संबंधित पहलों को बढ़ावा देने के लिये नवोन्मेषी परियोजनाएँ आरंभ की जाएंगी।
- विश्व बैंक के इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकन्स्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (IBRD) से मिलने वाले 250 मिलियन डॉलर के ऋण हेतु 5 वर्ष की छूट अवधि, जबकि 20 वर्षों की अंतिम परिपक्वता अवधि होगी।
- इस परियोजना का प्रमुख ध्यान मूल्य-श्रृंखलाओं में महिलाओं के स्वामित्व तथा नेतृत्व वाले कृषि और गैर-कृषि उद्यमों को बढ़ावा देना होगा।

चीन का कृत्रिम सूर्य

चीन इस वर्ष के अंत तक इलेक्ट्रॉनों और आयनों से बने कृत्रिम सूर्य प्रस्तुत करने की योजना बना रहा है।

कृत्रिम सूर्य

- सूर्य में होने वाली परमाणु संलयन प्रक्रिया को प्राकृतिक रूप से दोहराने के लिये HL-2M टोकामक डिवाइस (Tokamak Device) का उपयोग किया जा रहा है।
- कृत्रिम सूर्य का प्लाज़्मा मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनों और आयनों से बनाया गया है। टोकामक उपकरणों के मुख्य प्लाज़्मा में इलेक्ट्रॉन का तापमान 100 मिलियन डिग्री सेल्सियस से अधिक तथा आयन का तापमान 50 मिलियन डिग्री सेल्सियस तक हासिल किया जा चुका है। ध्यान देने वाली बात यह है कि आयन ही टोकामक डिवाइस में ऊर्जा उत्पन्न करता है।

चुनौतियाँ

- परमाणु संलयन प्राप्त करने हेतु आयन का तापमान 100 मिलियन डिग्री सेल्सियस से अधिक करना होगा जो कि एक चुनौती है।
- अन्य दो चुनौतियाँ इस प्रकार हैं-

♦ संलयन को लंबी अवधि तक सीमित स्थान के भीतर रखना

♦ पर्याप्त उच्च-घनत्व प्रोफाइल प्रदान करना

लंदन पेशेंट

हाल ही में HIV से पीड़ित एक व्यक्ति का लंदन में इलाज किया गया है, जिसे लंदन पेशेंट कहा जा रहा है।

- गौरतलब है कि यह मरीज़ अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (Bone Marrow Transplant) के बाद HIV वायरस से मुक्त होने वाला दूसरा व्यक्ति बन गया है।
- मरीज़ को CCR5-डेल्टा 32 तकनीक की मदद से ठीक किया गया है। CCR5-डेल्टा 32 तकनीक होमोज़ीगोस दाता कोशिकाओं से युक्त स्टेम सेल प्रत्यारोपण पर आधारित है।

बर्लिन पेशेंट

- टिमोथी रे ब्राउन (Timothy Ray Brown) को HIV से छुटकारा पाने वाला पहला व्यक्ति माना जाता है।
- टिमोथी का इलाज बर्लिन में किया गया था और उसकी पहचान छुपाने हेतु 'द बर्लिन पेशेंट' कहा गया था।

नोस्ट्रो एकाउंट्स (Nostro Accounts)

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने नोस्ट्रो एकाउंट्स (Nostro Accounts) के संबंध में निर्देशों का पालन नहीं करने के लिये इलाहाबाद बैंक पर जुर्माना लगाया है।
- नोस्ट्रो, 'Ours' के लिये लैटिन भाषा से लिया गया एक शब्द है, जिसका उपयोग अक्सर विदेशी मुद्रा और व्यापार लेन-देन की सुविधा के लिये किया जाता है।
- नोस्ट्रो एकाउंट (Nostro Account) घरेलू बैंक का किसी विदेशी बैंक में उसी देश की मुद्रा में दर्शाया जाने वाला बैंक खाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-06-03-2019